आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। अधिनियम के समर्थन में सर्वसम्मत संकल्प का प्रस्ताव रखा।
- नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने और उत्तराखंड में इसे वर्ष 2027 तक प्रभावी बनाने की मांग की।
- खाद्य सुरक्षा को लेकर हरिद्वार की ज्वालापुर सब्जी और फल मंडी में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान फलों और सब्जियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले पौड़ी जिले के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विधानसभा विशेष सत्र

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए आज राज्य विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने सदन के सामने महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन बिल को शीघ्र लागू करने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए सर्वसम्मत संकल्प व्यक्त करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए थे। इसी कड़ी में अगले लोकसभा चुनावों तक देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार दिलाने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस ऐतिहासिक संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक प्रयास किया। लेकिन विपक्षी दलों ने मिलकर इस ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी पहल को संसद में पारित नहीं होने दिया। श्री धामी ने कहा कि विपक्ष अब महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।
मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दलगत हितों से ऊपर उठकर सकारात्मक और स्पष्ट रुख अपनाए जाने की विपक्षी से अपील की, ताकि देश की आधी आबादी को उनका उचित अधिकार मिल सके।

नेता प्रतिपक्ष

विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन में महिला आरक्षण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। दोनों पक्ष एक–दूसरे पर महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीतिक रूप से भुनाने का आरोप लगाते रहे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने महिला आरक्षण विधेयक पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल सीटों की संख्या बढ़ाने से महिलाओं को वास्तविक अधिकार नहीं मिलेंगे। उन्होंने जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और इसे राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया। उन्होंने लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने और उत्तराखंड में इसे वर्ष 2027 तक प्रभावी बनाने की मांग की।
विशेष सत्र के दौरान महिला सशक्तिकरण, आरक्षण और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक

बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुधारीकरण कार्यों के लंबित प्रस्तावों को लेकर आज चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं– बीआरओ और एन.एच.आई.डी.सी.एल द्वारा संचालित व प्रस्तावित कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बीआरओ के अधिशासी अभियंता को ज्योतिर्मठ से मारवाड़ी क्षेत्र के बीच, मार्ग सुधारीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी लंबित प्रस्तावों का संबंधित विभागों के समन्वय से त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने भनेर पानी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए आवश्यक ब्लास्टिंग की अनुमति लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

खाद्य सुरक्षा/अभियान

आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर हरिद्वार की ज्वालापुर सब्जी और फल मंडी में आज सुबह सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में खाद्य संरक्षा हरिद्वार के सहायक आयुक्त महिमानंद जोशी और वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने मंडी में पहुंचकर फलों और सब्जियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने बताया कि जांच के दौरान आठ फलों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है, ताकि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की पुष्टि की जा सके। उन्होंने कहा कि अगर इनमें खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेधावी छात्र सम्मानित

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठता सूची में स्थान पाने वाले पौड़ी जिले के मेधावी छात्र–छात्राओं को आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान न केवल प्रतिभाशाली छात्रों का उत्साहवर्धन करता है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी।
कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। बोर्ड परीक्षा में 21 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

दुर्घटना/घायल

टिहरी जिले में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तोताघाटी क्षेत्र में आज सुबह एक वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ ने दुर्गम परिस्थितियों में राहत और बचाव अभियान चलाकर दिल्ली निवासी एक युवक और एक युवती को खाई से बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया है।

पार्किंग

जिला विकास प्राधिकरण, पिथौरागढ़ द्वारा बजेटी, कृष्णापुरी और जाखनी के तीनों पार्किंग स्थलों का आज से संचालन शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र सिंह ने पार्किंग स्थलों का उद्घाटन कर इन्हें जनसामान्य के लिए समर्पित किया। वहीं, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने पार्किंग स्थलों पर साफ–सफाई, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम पार्किंग सुविधा मिल सके।

परामर्श

केंद्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया है। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे कामगारों के सुरक्षा उपायों के तत्काल कार्यान्वयन के लिए कर्मियों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को आवश्यक निर्देश जारी करे।